>

Title: Request the Railway Minister to start the Intercity train from Singrauli to Jabalpur at the earliest.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूं कि कुछ महीनों पहले मेरे संसदीय क्षेत्र सीधी, सिंगरौली में एक इंटरसिटी ट्रेन की सौगात प्राप्त हुई थी, जो सिंगरौली से जबलपुर जाएगी। संचालन की तिथि भी निर्धारित हो गई थी, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से इसको स्थगित कर दिया गया, और यह कहा गया कि हम इसका संचालन कुछ समय बाद करवाएंगे, लेकिन आज तक इसका संचालन नहीं हो पाया है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी को यह भी याद दिलाना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में सिंगरौली जिला औद्योगिक जिला है। जबलपुर में उच्च न्यायालय स्थित है और वहां बड़े-बड़े स्वास्थ्य संस्थान भी हैं। हमारे जिले के निवासी कार्यालयीन और व्यापारिक कारणों से वहां से आते-जाते रहते हैं। अगर यह ट्रेन संचालित हो जाती है, तो वह सिंगरौली जिले से चलेगी और सीधी जिले के मडवास को छूते हुए, शहडोल जिले के हमारे संसदीय क्षेत्र के बेवहारी विधान सभा को छूते हुए आगे निकलेगी। इसलिए मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से यह आग्रह करती हूं कि इस ट्रेन का संचालन शीघ्र अति शीघ्र करवाया जाए।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती रीती पाठक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

HON. SPEAKER: Shri Rajmohan Unnithanji.

SHRI RAJMOHAN UNNITHAN (KASARAGOD): Hon. Speaker, Sir, I thank you very much.

HON. SPEAKER: No. माननीय सदस्य, क्या आप विषय परिवर्तन कर रहे है?

श्री राजमोहन उन्नीथन: नहीं, नहीं, सब्जेक्ट परिवर्तन नहीं कर रहा हूं।

HON. SPEAKER: Then, you are not allowed.

… (*Interruptions*)

श्री राजमोहन उन्नीथन: सर, सब्जेक्ट परिवर्तन करना है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप माननीय सदस्य हैं।

…(व्यवधान)

SHRI RAJMOHAN UNNITHAN: The Speaker is asking me to change the subject. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : आप एक मिनट के लिए बैठ जाइए। हम आपको नेक्स्ट एलाउ कर देंगे।

श्री संतोख सिंह चौधरी जी।